बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना – 800001
(पंजीयन सं. – 633/2003)

Website : basabihar.in, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
* सुशील कुमार
मो.– 9431091417, 7004466338
Email: shushilkumar09@gmail.com

महासचिव,
* खुर्शीद अनवर सिद्दिकी
मो. – 9771048046,
Email: siddiquikhursheed1@gmail.com

उपाध्यक्ष * किशोरी पासवान
* कमलेश सिंह
संयुक्त सचिव * अतुल कुमार वर्मा
* कुमार रविन्द्र
कोषाध्यक्ष * मिथिलेश कुमार साहु
संयुक्त कोषाध्यक्ष * मृणायक दास

पत्रांक 50 दिनांक 13-11-2017

सेवा में,

प्रधान सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार।

विषयः **प्रोन्नत पदाधिकारी एवं निलम्बित पदाधिकारी को निलम्बन से मुक्त करते हुए पदस्थापन करने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषयक संघ को खुशी है कि इस वर्ष 2017 में कई पदाधिकारी का विभिन्न स्तर में यथा विशेष सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव, अपर समाहर्त्ता एवं उप सचिव स्तर में प्रोन्नति दी गई है। परन्तु प्रोन्नति के उपरान्त प्रोन्नत पद पर पदस्थापन नहीं होने से संघ के सदस्यों में रोष व्याप्त है। वरीय पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नत होने के बावजूद कनीय पदों पर कार्यरत रहने पर सदस्यों का मनोबल गिरता जा रहा है उदाहरणस्वरूप– विशेष सचिव/अपर सचिव/संयुक्त सचिव/अपर समाहर्त्ता/उप सचिव में प्रोन्नत होने के बावजूद भी कई पदाधिकारी अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी/विभागीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी/जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी/अपर समाहर्त्ता/उप विकास आयुक्त इत्यादि के रूप में कार्यरत है। इसी प्रकार अनेक कई उदाहरण है।

संघ का अनुरोध है प्रोन्नत पदाधिकारी को प्रोन्नति वाले चिन्हित पद पर पदस्थापन करने की कार्रवाई की जाय।

2. ज्ञातव्य है कि कई पदाधिकारी एक वर्ष से अधिक अवधि से निलम्बित है। सामान्य प्रशासन के निदेशानुसार एक वर्ष में विभागीय कार्रवाई समाप्त करने की समय–सीमा निर्धारित की गई है, जिसका अनुपालन ससमय नहीं हो पा रहा है। इस परिस्थिति में संघ चाहता है कि निलम्बित पदाधिकारी को निलम्बन से मुक्त करते हुए पदस्थापन की जाय, जिससे सरकार के कार्य का निर्वहन करने हेतु पदाधिकारी उपलब्ध हो जायेगी तथा निलम्बित पदाधिकारी को परिवार, बच्चों के पठन–पाठन हेतु आर्थिक संकट से मुक्ति हो पायेगी।

13/XI/17
(खुर्शीद अनवर सिद्दिकी)
महासचिव

13/11/17
(सुशील कुमार)
अध्यक्ष